सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत जनपद के भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 29.10.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र सिद्धार्थ नगर के सिंहेश्वरी मंदिर ,कमला मार्केट ,रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड बांसी स्टैंड, उद्यान पार्क , बुद्धा पार्क ,पुरानी नौगढ ,मधुकरपुर,सनई थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

जनपदीय एण्टी रोमियों टीम का विवरण-

01. महिला उ0नि0 संजू यादव

02.महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम हिसामुद्दीन पुर में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29/10/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हिसामुद्दीन पुर में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर -

1.उ0नि0 अरविंद तिवारी
2.हे0का0 रविकांत गौड़
3.का0 सत्य प्रकाश यादव, का0 जय सिंह यादव, का0अंबुजेश निषाद
4.म0आ0 किरन यादव, म0आ0 रूबी मौर्या

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम भटौली की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता अभियान के संबंध में जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान(IPS) क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29/10/2026 थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थानाक्षेत्र के ग्राम भटौली की महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर जागरुकता अभियान के संबंध में जागरुक किया गया। तथा गांव की महिलाओं/बालिकाओं को खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 6.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन,14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम का विवरण-

1.उ0नि0 रविन्द्रनाथ यादव

2.म0आ0 दीक्षा सिंह

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मधुकरपुर चौबे की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29.10.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 6.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम ग्राम मधुकरपुर चौबे की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियानमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनारानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोषनारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजनामुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज-6 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा, के बारे में जानकारी दी गई।

थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम-

01.उ0नि0 कृष्ण कुमार पाण्डेय
02.हे0का0 धनंजय दुबे
03.म0आ0 कुंजन सिंह

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति फेज 6 कार्यक्रम के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के VN पब्लिक स्कूल की छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29/10/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा " पवीन प्रकाश" तथा प्रभारी निरीक्षक "अनिल कुमार दूबे" थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून के संबंध व साइबर के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत VN पब्लिक स्कूल की छात्राओं को जागरुक किया गया। मिशन शक्ति संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 6 को कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, कानूनों की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये अभियान* के तहत जागरुक किया गया महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 👉112, पुलिस आपातकान सेवा 👉1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन👉1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 👉108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 👉1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 👉102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम-

01.उ0नि0 राजेंद्र कुमार शाही
02.का0 रोहित यादव
03.म0 आ0 साधना

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆गुजरौलिया टोला बेलौहा हत्या काण्ड से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को थाना मोहाना पुलिस द्वारा 24 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड बरामद।

दिनांक 28.10.2026 को थाना मोहाना क्षेत्र के ग्राम गुजरौलिया टोला बेलौहा में एक युवक की लोहे की राड से सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी गयी थी। प्रकरण में थाना मोहाना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 154/2026 धारा 103(1)/352/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे व विश्वजीत सौरयान (IPS), क्षेत्राधिकारी सदर, सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान गिरफ्तारी वांछित के तहत जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना सिद्धार्थनगर मय टीम द्वारा आज दिनांक 29.10.2026 को अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त अभिलाष उपाध्याय उर्फ डब्लू पुत्र स्व0 सूर्यमणि साकिन गुजरौलिया टोला बेलौहा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को मोहाना पुल से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- अभिलाष उपाध्याय उर्फ डब्लू पुत्र स्व0 सूर्यमणि साकिन गुजरौलिया टोला बेलौहा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 24 वर्ष।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास का विवरण-

1- मु0अ0सं0 152/2026 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम थाना मोहाना जनपद सि0नगर।

2- मु0अ0सं0 154/2026 धारा 103(1)/352/351(3) बीएनएस थाना मोहाना जनपद सि0नगर।

बरामदगी का विवरण-

1- घटना मे प्रयुक्त एक अदद लोहे की रॉड।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

2- उ0नि0 सर्वेश यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

3- का0 प्रशान्त सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

4- का0 अशोक कुमार यादव थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

5- का0 आदर्श शुक्ला थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना त्रिलोकपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹ 50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 29.10.2026 को वाद सं0 396/2026 मु0अ0सं0 126/2026 धारा 65(2) BNS व 5/6 पॉक्सों एक्ट थाना त्रिलोकपुर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार माननीय न्यायालय एएसजे/स्पे0/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र प्रहलाद निवासी डोमसरा थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर को 20 वर्ष के कठोर कारावास व ₹ 50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी अमित पाल थाना त्रिलोकपुर का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, छठपूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 29.10.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, छठपूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।